

# 81 फीट की बालाजी प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा कल

▶ तिरुमला से पहुंचीं 20 से अधिक दिव्य मूर्तियां



**तिरुमला से खंडवा तक का दिव्य सफर**

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** निमाड़ की पावन धरा खंडवा के लिए आगामी 5 मार्च का दिन ऐतिहासिक होने जा रहा है। छैगांव माखन स्थित श्री दिव्य बालाजी नगर में देश की सबसे ऊंची (81 फीट) भगवान तिरुपति बालाजी की प्रतिमा की स्थापना का कार्य अपने अंतिम चरण में है।

भव्य मंदिर परिसर के लिए तिरुमला तिरुपति देवस्थानम द्वारा विशेष रूप से निर्मित भगवान वेंकटेश और माता पद्मावती सहित 20 से अधिक पाषाण प्रतिमाएं खंडवा पहुंच चुकी हैं।

बालाजी ग्रुप के संस्थापक और समाजसेवी रितेश गोयल के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी टीम हाल ही में तिरुपति गई थी। वहां टीटीडी के विधान अनुसार विधिवत अनुष्ठान संपन्न कर इन प्रतिमाओं को खंडवा के लिए रवाना किया गया था। इन प्रतिमाओं में भगवान वेंकटेश, माता लक्ष्मी और माता पद्मावती के साथ-साथ पंच लोह से निर्मित श्री देवी, भूदेवी, चक्र सुदर्शन और विश्वक्षेण जी की मूर्तियाँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त भगवान विष्णु के दशावतार, द्वारपाल जय-विजय, चंड-प्रचण्ड, भगवान गणेश, गरुड़ जी और हनुमान जी की पाषाण प्रतिमाएं भी इस दिव्य दरबार की शोभा बढ़ाएंगी।

## महाप्रसादी भी आयोजन

श्री दिव्य बालाजी नगर कॉलोनी में इन सभी प्रतिमाओं का भव्य स्वागत किया जाएगा। शहर में इस समय उत्साह और भक्ति का माहौल है, मानो पूरा खंडवा भगवान के स्वागत में पलक-पांवड़े बिछाए बैठा हो। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष दर्शन और भोजन प्रसादी का आयोजन भी रखा गया है।

रितेश गोयल ने क्षेत्रवासियों से भावुक अपील करते हुए कहा है कि प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भगवान के इस स्वरूप के दर्शन दुर्लभ हो जाएंगे, क्योंकि शास्त्रीय मर्यादाओं के अनुसार स्थापना के बाद दर्शन के नियम बदल जाते हैं। अत: सभी श्रद्धालु स्थापना और प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व इन दिव्य प्रतिमाओं के दर्शन लाभ अवश्य लें। जल्द ही विद्वान पंडितों के सानिध्य में प्राण-प्रतिष्ठा की तिथि घोषित की जाएगी, जिसके बाद यह स्थान न केवल मध्य प्रदेश बल्कि देश के प्रमुख धार्मिक केंद्रों में शुमार होगा।

# मनीष भट्ट हत्याकांड का किया खुलासा

▶ नर्मदा में डूबने से नहीं, पहले की गई हत्या



**खंडवा।** ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी किनारे मिले इंदौर निवासी युवक के शव मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। फॉरेंसिक जांच में किए गए डायटम टेस्ट ने साफ कर दिया कि युवक की मौत पानी में डूबने से नहीं, बल्कि हत्या के बाद शव नदी में फेंकने से हुई थी। इसके बाद मांधाता पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है।


मृतक की पहचान इंदौर के तिलक नगर (पिपल्याहाना) निवासी मनीष भट्ट के रूप में हुई है। मनीष 25 जनवरी को करीब 50 दोस्तों के साथ ओंकारेश्वर दर्शन और नर्मदा स्नान के लिए आया था। सभी अलग-अलग समूहों में संगम घाट पहुंचे थे। स्नान के बाद मनीष अचानक लापता हो गया। परिजनों ने इंदौर में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 30 जनवरी को ग्राम बिल्लौरा स्थित मौनी बाबा आश्रम के पास नर्मदा किनारे एक शव मिला, जिसके हाथ-पैर बंधे हुए थे। बाद में शव की पहचान मनीष भट्ट के रूप में की गई। मांधाता थाना पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम कराया।

पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के सिर के पीछे गंभीर चोट तथा गले पर रस्सी से कसने के निशान मिले, जिससे हत्या की आशंका गहरा गई। हालांकि मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं होने पर पुलिस ने डायटम टेस्ट कराने का निर्णय लिया।फॉरेंसिक जांच के लिए सैंपल भोपाल स्थित लैब भेजे गए। करीब 20 दिन बाद आई रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि मनीष की मृत्यु पानी में डूबने से नहीं हुई थी। यानी पहले हत्या की गई और बाद में शव नर्मदा नदी में फेंका गया।

रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने शव मिलने के लगभग 30 दिन बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

एक नजर में

## सिद्धवरकुट में भगवान बाहुबली का महामस्तकाभिषेक आज



**खंडवा।** मां नर्मदा के तट पर स्थित सिद्धक्षेत्र सिद्धवरकुट में 4 मार्च, बुधवार को होली के पावन अवसर पर एक दिवसीय वार्षिक मेला आयोजित किया जा रहा है। साढ़े तीन करोड़ मुनिराजों की निर्वाण भूमि पर आयोजित इस महोत्सव में श्रद्धा और आध्यात्म के रंग बिखरेंगे।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ प्रात: 7 बजे मूलनायक भगवान संभवनाथ के अभिषेक और शांतिधारा के साथ होगा। मुख्य आकर्षण भगवान बाहुबली का महामस्तकाभिषेक होगा, जो प्रात: 11:30 बजे स्वर्ण एवं रजत कलशों से संपन्न किया जाएगा। इसके साथ ही तीर्थ क्षेत्र के समस्त मंदिरों के शिखरों पर केसरिया ध्वजा फहराई जाएगी। कार्यक्रम में मंडल विधान पूजा, भव्य रथ यात्रा और परिक्रमा स्थल का भूमि पूजन भी संपन्न होगा। निमाड़ के तीनों प्रमुख सिद्धक्षेत्रों—सिद्धवरकुट, पावागिरी (ऊन) और बावनगजा—की महिमा का उल्लेख करते हुए बताया गया कि जहाँ सिद्धवरकुट में होली पर मेला लगता है, वहीं ऊन में रंगपंचमी पर वार्षिक आयोजन की परंपरा है। आज होने वाले इस समागम में इंदौर, भीकनगांव, बड़वाह और पुनासा सहित संपूर्ण मालवा-निमाड़ के श्रद्धालु जुटेंगे। ट्रस्टी अमित कासलीवाल एवं समिति के पदाधिकारियों ने सभी धर्मप्रेमियों से इस पुण्यमयी अवसर पर उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## लाइनमैन दिवस पर रक्तदान शिविर

**खंडवा।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सोमवार को नवीन किशोर कुमार सभागृह में विद्युत सुरक्षा एवं लाइनमेन दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। अधीक्षण यंत्री श्री दधीचि रेवड़िया और श्री सुरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में तकनीकी बारीकियों, दुर्घटना नियंत्रण और प्राथमिक उपचार पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स ने दो चरणों में सैद्धांतिक व प्रायोगिक सत्रों के माध्यम से कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण लाइन कर्मचारियों के बच्चों द्वारा बनाई गई ड्राइंग और पोस्टरों की प्रदर्शनी रही, जिसने सुरक्षा संदेश को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाइनमैनों को सुरक्षा उपकरणों से सम्मानित किया गया और उपस्थित जनों को %सुरक्षा शपथ% दिलाई गई। आयोजन के दौरान जिला चिकित्सालय के सहयोग से आयोजित विशाल स्वास्थ्य शिविर में 270 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों का विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परीक्षण किया गया। मानवता की सेवा की मिसाल पेश करते हुए विद्युत विभाग के सजग प्रहरियों ने 42 यूनिट रक्तदान भी किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर कार्यक्रम का समापन किया गया, जिसमें विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी परिवार उपस्थित रहे।

## भूकंप पूर्व तैयारी पर प्रशिक्षण

**खंडवा।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं होमगार्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन का पांच दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हुआ। अंतिम दिवस जिला सेनानी होमगार्ड आशीष कुमार कुशवाहा ने भूकंप के बाद की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही की जानकारी दी। अलीराजपुर से आए अतिथि व्याख्याता एवं प्लाटून कमांडर राजकुमार कटारे ने खोज एवं बचाव, राहत कार्यों की रणनीति तथा विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर प्रस्तुतीकरण दिया। वहीं प्लाटून कमांडर रविन्द्र महिवाल ने आपदा पश्चात पुनर्विकास प्रक्रिया पर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सीपीआर का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। समापन अवसर पर डिप्टी कलेक्टर दिनेश सांवले ने प्रतिभागियों से फीडबैक लेकर प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस व नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## पारंपरिक खेलों की एक दिवसीय प्रतियोगिता 6 मार्च को

**खंडवा** । राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत खो-खो, कुश्ती एवं कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 6 मार्च को एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ नागार्जुन गौड़ा ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड पर प्रात: 8 बजे से आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जिले के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। जारी आदेश अनुसार श्री रूपसिंह कलेश जिला खेल अधिकारी को निर्धारित तीनों खेलो की खेल प्रतियोगिता आयोजन की संबंधी समस्त तैयारी करने और प्रतियोगिता के लिए टीमों को आमंत्रित करने तथा रेफरी, कमेंट्रेटर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर आवश्यकता अनुसार डॉक्टर्स एवं मेडिकल स्टाफ की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं।

# जंगल में मिली बुजुर्ग की सिर कटी लाश

▶ टपरी से 3 किमी दूर पत्तों के नीचे छिपाई गई डेथबॉडी



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले के खालवा थाना क्षेत्र अंतर्गत वनग्राम गदड़ियाखेड़ा में सनसनीखेज हत्याकांड सामने आया है। दो दिन से लापता 62 वर्षीय बुजुर्ग का सिर कटा शव जंगल में बरामद होने से क्षेत्र में दहशत फैल गई है। खेत की टपरी पर खून के निशान मिलने के बाद पुलिस ने सर्चिंग शुरू की थी, जिसके दौरान शव जंगल में छिपा हुआ मिला।

मृतक की पहचान गदड़ियाखेड़ा निवासी आदिवासी झबरसिंग पिता मलकू (62) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार झबरसिंग शनिवार रात खेत पर गए थे, लेकिन वापस घर नहीं लौटे। रविवार सुबह उनका बेटा झामसिंग खेत पर खाना लेकर पहुंचा तो पिता वहां नहीं मिले। टपरी के अंदर खून फैला हुआ था तथा किसी को घसीटकर ले जाने के स्पष्ट निशान दिखाई दिए।

## खून के मिले निशान

परिजनों ने तत्काल खालवा थाने पहुंचकर गुमशुदगी की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। थाना प्रभारी जगदीश सिंदिया पुलिस बल और डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंचे। खून के निशानों के आधार पर सर्चिंग करते हुए टीम घने जंगल में पहुंची, जहां टपरी से लगभग तीन किलोमीटर दूर पत्तों के नीचे छिपाकर रखा शव बरामद हुआ।

## पारंपरिक खेलों की एक दिवसीय प्रतियोगिता 6 मार्च को


**खंडवा** । राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत खो-खो, कुश्ती एवं कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 6 मार्च को एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ नागार्जुन गौड़ा ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड पर प्रात: 8 बजे से आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जिले के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। जारी आदेश अनुसार श्री रूपसिंह कलेश जिला खेल अधिकारी को निर्धारित तीनों खेलो की खेल प्रतियोगिता आयोजन की संबंधी समस्त तैयारी करने और प्रतियोगिता के लिए टीमों को आमंत्रित करने तथा रेफरी, कमेंट्रेटर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।


# खंडवा में वन समिति अध्यक्ष की हत्या में उम्रकैद

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** खंडवा के ग्राम जिल्हार में वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या करने वाले को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अनिल चौधरी ने आरोपी सुरसिंग पिता कन्हैया भुरिया (48) को उम्रकैद के साथ 10 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया हैं। बता दें कि, काम ना देने की बात को लेकर आरोपी ने वन समिति अध्यक्ष धनसिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक ने इंदौर में इलाज के दौरान दम तोड़ा था। इधर, कोर्ट में अभियोजन की ओर से पैरवी एडीपीओ विनोद कुमार पटेल ने की। अभियोजन मीडिया सेल के अनुसार, 18 जून 2024 की शाम करीब 7.30 बजे फरियादी निर्मल अपने रिश्तेदार धनसिंग और शंकर के साथ ग्राम जिल्हार में धनसिंग की दुकान के बाहर बैठे थे। रात करीब 8 बजे धनसिंग सड़क पार चिरूर के पेड़ के पास बाथरूम करने गया। इसी दौरान गोली चलने की आवाज आई और धनसिंग ने आवाज लगाई कि सुरसिंग ने उसे गोली मार दी है। निर्मल मौके पर पहुंचा तो देखा कि आरोपी हाथ में बंदूक लेकर नाले की ओर से जंगल की तरफ भाग रहा था। रोशनी होने से आरोपी साफ दिखाई दे रहा था। धनसिंग के पेट में गोली लगी थी और गंभीर रक्तस्त्राव हो रहा था। उसे तत्काल सरकारी अस्पताल सनावद ले जाया गया, जहां से इंदौर रेफर किया गया। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

# गुलाल और उल्लास से सजा अरिहंत पब्लिक स्कूल का होली उत्सव



नवभारत न्यूज

**हरसूद ।** अरिहंत पब्लिक स्कूल में गुलाल उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मंदिरों के फूलों (निर्माल्य) से बना ऑर्गेनिक गुलाल एक-दूसरे को लगाकर आपसी प्रेम, सौहार्द्र एवं भाईचारे का संदेश दिया।

रंगों के इस पर्व पर विद्यार्थियों ने नृत्य एवं संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। संस्था प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को प्राकृतिक रंगों के उपयोग हेतु प्रेरित किया गया तथा रासायनिक रंगों से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। शाला संचालक संतोष जैन ने विद्यार्थियों को होली पर्व के सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी देते हुए सभी को सुरक्षित एवं आनंदमयी होली मनाने का संदेश दिया। शाला परिसर में आयोजित गुलाल उत्सव कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने सामूहिक सहभागिता कर रंगों के पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया।

# 92 हितग्राहियों को मिले घरों के पट्टे



नवभारत न्यूज

**मूंदी।** नगर परिषद मूंदी द्वारा मुख्यमंत्री शहरी भू-अधिकार योजना के अंतर्गत आयोजित पट्टा वितरण समारोह में 92 पात्र हितग्राहियों को आवासीय भूमि के पट्टे वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मांधाता विधायक नारायण पटेल ने कहा कि नगर परिषद द्वारा किए जा रहे विकास कार्य सराहनीय हैं और अब झुग्गियों में रहने वाले परिवार पक्के मकानों में रहने का सपना पूरा कर सकेंगे।

नगर परिषद अध्यक्ष ज्योति वाला राठौर ने बताया कि लंबे समय से सेवा भूमि एवं आबादी भूमि पर निवास कर रहे पात्र परिवारों को आज भूमि का मालिकाना हक दिया गया है। जल्द ही उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी दिलाया जाएगा।

तहसीलदार वंदना चौहान ने कहा कि राजस्व विभाग और नगर परिषद की संयुक्त टीम ने माइक्रो स्तर पर सर्वे कर पात्र हितग्राहियों का चयन किया, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंच सके।

सांसद प्रतिनिधि चंद्रमोहन राठौर ने विधायक नारायण पटेल एवं सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के सहयोग से नगर में लगातार विकास कार्य होने की बात कही।

वार्ड क्रमांक 1, 2 और 15 के हितग्राहियों ने पट्टे मिलने पर खुशी जताई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पार्षद एवं नगर परिषद अधिकारी मौजूद रहे। संचालन देवेंद्र राठौर ने तथा आभार सीएमओ संजय जैन ने माना।

# 1300 महिलाएं निकालेंगी विशाल जागरूकता रैली




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** खंडवा डायोसिसन सोशल सर्विसेज द्वारा आगामी 7 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भव्य महिला सम्मान एवं सशक्तिकरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत 7 मार्च को सुबह 11 बजे इंदिरा चौक पार्क से एक विशाल महिला जागरूकता रैली के साथ होगी।

इसमें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की लगभग 1300 महिलाओं के शामिल होने की उम्मीद है। यह रैली टैगोर पार्क, जनपद पंचायत चौराहा और कलेक्ट्रेट कार्यालय से होते हुए केडीएसएस कार्यालय, वत्सला विहार पहुंचेगी। रैली के माध्यम से समाज में महिला सशक्तिकरण और समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रेरक महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा । साथ ही, महिलाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक और मनोरंजक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। संस्था के निदेशक फादर रॉबिंसन वी. ने क्षेत्र की सभी मातृशक्ति से इस गरिमामय आयोजन में सहभागी बनकर इसे सफल बनाने की अपील की है, ताकि नारी सम्मान के इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाया जा सके।

# सरहद पार से आई 'गीहर' मिठाई बनी आकर्षण का केंद्र



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** होली पर्व के अवसर पर शहर में सिंधी समाज की पारंपरिक मिठाई गीहर एक बार फिर लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। देश विभाजन वर्ष 1947 के दौरान पाकिस्तान से भारत आए सिंधी परिवार अपने साथ इस खास मिठाई की परंपरा भी लेकर आए थे, जो आज करीब 79 वर्षों बाद भी जीवित है। होली से एक सप्ताह पहले ही खंडवा की सिंधी कॉलोनी और सिंधी बाजार में गीहर खरीदने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। समाजसेवी सुनील जैन के अनुसार यह मिठाई सिर्फ होली पर बनाई जाती है और बहन-बेटियों व रिश्तेदारों को भेजने की खास परंपरा है।

# दीवाल और आरूद में 3 की जगह 6 मार्च को लगेंगे शिविर




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** नागरिकों को उनकी पात्रता अनुसार सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिलाने के लिये प्रदेश में इन दिनों संकल्प से समाधान अभियान आयोजित किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि इस अभियान के तहत पंधाना विकासखण्ड के ग्राम दीवाल और आरूद में 3 मार्च को ये शिविर आयोजित होना थे अब यह शिविर 6 मार्च को आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि खालवा विकासखंड के ग्राम आशापुर व पटाजन में भी 6 मार्च को, खारकलां व मलगांव में 7 मार्च और सुंदरदेव व सांवलीखेड़ा में 8 मार्च को ये आयोजित कर ग्रामीणो को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

एक नजर — सुरक्षा घेरे में शुरू हुआ तीन दिवसीय रंगोत्सव

# खंडवा में अग्नि की लपटों संग आस्था का ज्वार



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शहर सहित जिलेभर में सोमवार रात श्रद्धा, परंपरा और उत्साह के साथ होलिका दहन संपन्न हुआ। करीब 200 से अधिक स्थानों पर शुभ मुहूर्त में विधि-विधान के साथ होलिका जलाई गई। होलिका दहन के साथ ही तीन दिवसीय रंगोत्सव की औपचारिक शुरुआत हो गई।

गली-मोहल्लों, प्रमुख चौराहों और परंपरागत स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। केवलराम पेट्रोल पंप तिराहा, दादाजी धाम, अनाज मंडी प्रांगण और नगर निगम परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर वर्षों पुरानी परंपरा निभाई गई। रात 8 से 9 बजे के बीच मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बाद होलिका प्रज्वलित की गई।

## देर रात तक गूंजती रहीं शुभकामनाएं

होलिका दहन के बाद शहर में उत्सव का माहौल देर रात तक बना रहा। लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की बधाइयां दीं। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर प्रसादी वितरण हुआ और होली गीतों की धुन पर माहौल रंगीन बना रहा। होली और धूलेंडी को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।